हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

**तापमान**
अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

4

### प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी



**खबर संक्षेप**

### घर के परछी में खड़ी बाइक को ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** सूने मकान के घर के परछी में खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम सरईडीह निवासी अन्नु बाई पति राम कुमार (32 वर्ष) सोमवार को पति व बच्चों के साथ घर में ताला लगाने तथा बाइक क्रमांक सीजी 30 2217 को घर के परछी में लॉक करने के पश्चात जमीन रजिस्ट्री कराने के लिए शहडोल गए थे। दूसरे दिन वापस लौटे तो देखा गेट खुला व परछी में खड़ी बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो अन्नु बाई ने घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब बिक्री कर रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** घर में शराब बिक्री कर रहे ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसान क्षेत्र में गश्त कर रहे गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चठिरमा निवासी लाल साय राजवाड़े आ. लछुराम राजवाड़े बड़े मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दिया तो वहां शराब पी रहे लोग पुलिस को देख फरार हो गए। पुलिस ने लालसाय राजवाड़े घर से तीन लीटर महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**अम्बिकापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम ग्राम खुरण्डीह संपत यादव आ. जुगेश्वर यादव (28 वर्ष ) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। गत दिन दुकान में बल्प लेने गया था जहां से वापस आते समये रास्ते में मनमोहन प्रसाद यादव गाली-गलौज करने लगा। इसी बीच शोर सुनकर मनमोहन का पुत्र शिवशंकर यादव व उसका पुत्र विष्णु यादव आए और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए जमकर पिटाई कर दी। वहीं दूसरे पक्ष के गांव के ही मनकिया यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शाम को पुत्र शिवशंकर के घर से आ रही थी। तभी रास्ते में पति मनमोहन प्रसाद यादव को संपत यादव गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर रहा था जिसे देख बीच बचाव करने लगी तभी उसके भाई मान कुमार व रामजीत यादव पहुंच गए और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनो पक्षों पर समान धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### झारखंड से धान लाते पकड़े गए चार वाहन

**बलरामपुर।** धान खरीदी के बीच पड़ोसी राज्यों से अवैध धान आने का सिलसिला भी जारी है। तस्कर अवैध रूप से धान खपाने के प्रयास में लगे हुए है लेकिन प्रशासन द्वारा गठित टीम उनके मंसूबों को नाकाम कर रही है। टीम द्वारा पुनः चार वाहनों से 210 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। धान को झारखंड से लाया जा रहा था और समितियों में खपाने की योजना थी। टीम द्वारा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि धान खरीदी शुरू होने के साथ ही जिले में तस्कर व बिचौलिए भी सक्रिय हो गए है और अवैध रूप से धान खपाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे में कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर निगरानी दलों, नोडल अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों की टीम गठित की गई है ।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के बाद कार्यों में आई प्रगति

# पत्थलगांव से कुनकुरी तक जल्द बनेगी सड़क, आवागमन होगा बेधड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर/पत्थलगांव

पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में आवागमन करने वाले लोगों की समस्याएं शीघ्र ही दूर होगी। सड़क पर उन्हें हिचगोले खाते नहीं गुजरना पड़ेगा और न ही कही आने जाने में अपना कीमती समय बर्बाद करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच सड़क के कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

मजदूरों की संख्या बढ़ाई गई है। सड़क निर्माण कार्य कराने वाली कंपनी को भी इस संबंध में कड़े निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात कलेक्टर डॉ रवि मित्तल द्वारा भी सड़क के कार्यों का निरीक्षण कर हर दिन के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। कंपनी के प्रतिनिधि के मुताबिक सीसी रोड़ के निर्माण कार्य को इस माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जशपुर मुख्यालय सहित यहां से पत्थलगांव और अन्य स्थानों में आने-जाने के लिए महत्वपूर्ण नेशनल हाईवे-43 सड़क निर्माण कार्य की गति को अब बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के पश्चात टीबीसीएल कंपनी के द्वारा सड़क में जगह-जगह अतिरिक्त मजदूर लगाकर काम कराया जा रहा है। कंपनी ने बताया कि पथलगांव शहर में सीसी रोड़ का काम दिसंबर महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इस मार्ग में स्थित झंडा घाट में पहाड़ की कटिंग का काम चल रहा है। इसी तरह बेला घाट में घाट कटिंग के कार्यों और डीएलसी, जीएसबी, मिट्टी के कार्यों को तेजी से किया जा रहा है। यहां सीसी रोड निर्माण पूरी प्रगति से चल रहा है। बंदरचुआ के पास कंपनी ने लगभग 1 किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण पूरा कर लिया है। अभी कंपनी द्वारा 5 से 6 अतिरिक्त एक्सकेविटर खुदाई और मिटटी हटाने के कार्यों में लगाया गया है। बंदरचुआ से तामासिंहा और तामासिंहा से नवाटोली होते हनुमान टेकरी की तरफ़ जल्दी ही सीसी रोड का निर्माण कर दिया जाएगा। सड़क का निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा अतिरिक्त डीएलसी पेवर और सीसी रोड का पेवर भी मोबलाइज किया गया है, जिससे कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। कंपनी द्वारा बताया गया कि ईब, नैनी सहित अन्य नदियों में पुल निर्माण के कार्यों के लिए एक्सपर्ट इंजीनियर और लगभग 200 अनुभवी मजदूर लगाए गए हैं। पत्थलगांव से लेकर कुनकुरी तक के सड़क के कार्यों में विलंब न हो और कार्य तय सीमा पर पूर्ण हो सके, इस पर ध्यान केन्द्रित कर कार्य कराएं जा रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्थलगांव से लेकर कुनकुरी तक के सड़क निर्माण की गति को बढ़ाने और जल्दी ही पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सड़क के बनने से इस मार्ग पर आवागमन करने वालों की बड़ी सहूलियत मिलेगी। वे सुगम तरीके से बेधड़क सड़कों पर यात्रा कर सकेंगे।


सड़क का निर्माण कार्य तेजी से जारी।

## बनटोला में हाथियों की धमक, मकान किया ध्वस्त

**कोतबा।** शहर से लगे गांव बनटोला में तीन हाथियों के दल ने एक गरीब परिवार के मकान को पूरी तरह रौंद दिया। अचानक हुई इस घटना में सो रहे परिवार वाले जान बचाने के लिए जमकर आवाज लगाई। ग्रामीणों की मदद से हाथियों को भगाने कामयाब रहे।

हाथियों के कोहराम से घर ध्वस्त हो गया,लेकिन मलबे में दबे छः वर्षीय बालक को बचाया लिया गया। बच्चे का उपचार कोतबा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा हैं। घटना मंगलवार की रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। बनटोला गांव ग्राम पंचायत फरसाटोली का आश्रित मोहल्ला है। यह कोतबा से महज 3 किलोमीटर की दूरी में बसा है। जानकारी के अनुसार नंदलाल उरांव 35 वर्ष अपनी पत्नी किशोरी 30 वर्ष, निर्मल 6 वर्ष, अनुज 4 वर्ष के साथ खाना खाकर सो रहे थे,अचानक तीन हाथियों का दल आ धमका हाथियों का दल ग्रामीण के घर को धराशाही करते हुए अंदर जा घुसे जिससे अंदर सो रहे 6 वर्षीय बालक निर्मल मलबे में दब गया। घर मे रखे 70 किलो चावल को चट करते हुए बर्तनों को नुकसान पहुंचाया हैं। पीड़ित परिवार मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। वर्तमान स्थिति में उनके पास अब रहने को घर नहीं है,न बर्तन है न चावल हैं। पीड़ित परिवार को तत्काल मदद की आवश्यकता है। ग्रामीण तिलक मिरी ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी थी उन्होंने घटना स्थल का जायजा लेकर पंचनामा तैयार किया हैं। मलबे में दबे बालक को उपचार के लिए कोतबा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है हाथियों का दल फरसाबहार के डोंगादरहा गांव की ओर से आया था।


हाथियों द्वारा तोड़ा गया घर।

- मलबे में दबे बालक का अस्पताल में चल रहा उपचार

## उपभोक्ता परिषद के सदस्य ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ उपभोक्ता परिषद के पूर्व सदस्य व प्रतिष्ठित व्यवसायी सुरेश अग्रवाल ने बुधवार की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। उनका शव घर के निचले तल में पंखा लगाने वाले हुक में साड़ी के सहारे फांसी पर लटका मिला। व्यवसायी की आत्म हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

इस घटना के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। मृतक व्यवसायी प्रदेश के पूर्व खाद्यमंत्री अमरजीत भगत के करीबी थे और उनके मौत की जानकारी मिलने के बाद पूर्व मंत्री समेत कांग्रेसी नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे थे जहां उन्होंने व्यवसायी के परिवार वालों को ढांढ़स बंधाया। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि शहर के बसंत लाल मार्ग निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी व छत्तीसगढ़ उपभोक्ता परिषद के सदस्य 64 वर्षीय सुरेश अग्रवाल आ. स्व. रामेश्वर दास अग्रवाल चुनाव परिणाम आने के बाद से ही थोड़े निरास चल रहे थे। आज सुबह वे अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़कर सुबह 5 बजे घर से घूमने के नाम पर निकले थे। सुबह 7 बजे जब उनका पुत्र मुकेश गोयल सोकर उठा तो उसने अपनी मां से पिता के बारे में पूछा। मां ने बताया कि पिता सुबह उठकर बाहर गए है लेकिन अब तक नहीं लौटे। जिसके बाद युवक अपने पिता की खोजबीन कर रहा था इसी दौरान उनका शव घर के निचले तल में पंखा लगाने वाले हुक में फांसी के सहारे लटका हुआ मिला।

## ग्राम पंचायतों में 19 को विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**जशपुरनगर।** भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु जन योजना अभियान 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। 02 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक अभियान के दौरान जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत में क्रमशः सामान्य सभा व ग्रामसभा का आयोजन कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण निर्धारित समय-सीमा में ग्रामसभा का आयोजन नहीं किया जा सका है जिस कारणवश ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु ग्रामसभा का आयोजन 19 दिसम्बर 2023 को समस्त ग्राम पंचायतों में किया जाना है। विशेष ग्रामसभा में जीपीडीपी निर्माण हेतु एलएसडीजी की 09 थीमों में से कम से कम 01 थीम पर संकल्प लिया जाकर वायब्रेंट ग्रामसभा पोर्टल में उसकी एण्ट्री करना अनिवार्य होगा। चयनित संकल्प को पूर्ण करने हेतु संबंधित गतिविधियों की प्राथमिकता निर्धारित किया जाय। ग्रामसभा की बैठक में लाईन विभाग से संबंधित अधिकारी - कर्मचारी द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया जाएगा। प्रारूप जीपीडीपी में समस्त विभाग की योजनाओं के साथ-साथ कम लागत-कोई लागत नहीं गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाय। ग्रामसभा की बैठक में अतिरिक्त एजेण्डा के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार का चिन्हांकन एवं उनकी सूची का अनुमोदन उपरांत जनपद पंचायत और जिला पंचायत को प्रेषण किया जाएगा। ओडीएफ प्लस के मापदण्डों को पूरा करने वाले ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित करने की घोषणा, गोबरधन योजनान्तर्गत स्थापित बायोगैस संयंत्रों के समुचित उपयोग एवं संधारण हेतु जिम्मेदारी का निर्धारण, ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की विडियो रिकार्डिंग की जानी है तथा विडियो को ग्राम सभा निर्णणष मोबाईल एप्प में अपलोड किया जाना है।

## ठंड से थरथराया जशपुर, गर्म कपड़े अलाव से भी नहीं हो रहा बचाव



**जशपुरनगर।** विधानसभा चुनाव की गर्माहट कम होते ही जिले में ठंड बढ़ती जा रही है पिछले तीन चार दिनों से हड्डियों को कंपकंपा देने वाली ठंड शुरू हो गई है। दिन ढलते ही तापमान में गिरावट होने लगती है। पड़ रही ठंड के कारण रात के आठ बजते ही रास्तों पर सन्नाटा पसर जाता है। चलने वाली ठंडी हवाएं ठंड का एहसास करा रही है। आने वाले दिनों में तापमान और अधिक गिरने की संभावना है। लोग जगह जगह अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है।

## सीएचसी बगीचा में विशेष पिछड़ी जनजाति स्वास्थ्य सहायता केन्द्र स्थापित

**जशपुरनगर।** जिले के सीएचसी बगीचा में विशेष पिछडी जनजाति पहाड़ी कोरवा बिरहोर को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष पिछडी जनजाति स्वास्थ्य सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है। केन्द्र का सम्पर्क नम्बर 8770339586 है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार पहाड़ी कोरवा बिरहोर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में निवासरत हैं जहां एम्बुलेंस वाहन के माध्यम से भी पहुंच कठिन रहता है। ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना चुनौतीपूर्ण रहती है। विशेष पिछड़ी जनजातियों को उक्त स्वास्थ्य सहायता केन्द्र के माध्यम से इन जनजातियों में होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु में कमी लाना, होने वाली बीमारियों का समय पर पता लगाकर उनकी जांच एवं त्वरित उपचार तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को लेने हेतु जागरूक करने का लक्ष्य है। विशेष पिछड़ी जनजाति में समन्वयक के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाऐं लेने हेतु जागरूक करना, टीबी के मरीज, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के उपचार का अनुश्रवण कर पूर्ण उपचार उपलब्ध कराना उद्देश्य है । पाठ क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं हेतु मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में बेहतर सेवायें देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।



### प्रतापपुर जंगल से पहुंचा था 28 हाथियों का दल

## गन्ने की फसल बचाने लगाए गए करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत

**अम्बिकापुर/राजपुर।** बीती रात गन्ने की फसल को हाथियों से बचाने के लिए किसान द्वारा खेत के किनारे लगाए गए करंट की चपेट से एक हाथी की मौत हो गई। इस दौरान हाथियों की निगरानी में मौजूद वन अधिकारियों ने खेत के किनारे लगाए गए विद्युत वाही जीआई तार को जब्त कर आरोपी किसान को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में पिछले कुछ दिनों से 28 हाथियों का विशाल दल अपनी भूख मिटाने के लिए लगातार अपनी जगह बदल रहा है। दो दिन पूर्व ही हाथी वन परिक्षेत्र राजपुर से प्रतापपुर जंगल की ओर गए थे। हाथी जिस ओर भी जाते हैं कुछ ही देर में आसपास के खेतों का सफाया कर देते हैं। हाथियों द्वारा लगातार गन्ना की फसल तबाह करने के कारण अब किसान अपनी फसल को बचाने के लिए विद्युत लाइन में हुकिंग कर खेत के चारो ओर करंट की बाड़ लगा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा इस तरह की मनमानी करने की सूचना पर वन अमला देर शाम तक संभावित क्षेत्रों की निगरानी भी कर रहा है लेकिन ग्रामीण अपनी मनमानी से नहीं चूक रहे हैं। मंगलवार को मध्य रात्रि वन अधिकारियों को हाथियों के महान नदी पार कर सीमावर्ती ग्राम पंचायत नरसिंहपुर के चंदौलीपारा की ओर बढ़ने की सूचना मिली तो वन अमला बस्ती में पहुंचा एवं ग्रामीणों को सूचना देकर हाथियों की निगरानी में जुट गया। हाथियों का दल नदी पार कर बस्ती के निकट पहुंचा एवं गन्ना की फसल से अपनी भूख मिटाने लगा। हाथियों का दल अलग-अलग विभक्त होकर अपनी भूख मिटाने में व्यस्त हो गया। इधर दल का एक किशोर नर हाथी अकेले पास के खेत में पहुंचा। बुधवार को तड़के 3 बजे हाथी ने गन्ना खाने के किनारे लगाए गए करंट की चपेट में आ गया। करं का तेज झटका लगने के कारण हाथी झुलस कर गिर पड़ा तथा घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। करंट से हाथी का सुंड झुलस गया है।



### जिले में बेहतर आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में सफल एवं बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।बैठक में उन्होंने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के अलावा वंचित हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव कार्यालय से जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुरूप यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी जाए और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में विभागों की भूमिका, जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर समिति का निर्माण, स्थानीय हितग्राहियों को आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी, स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन का मोबलाइजेशन, कृषि गतिविधियों पर सत्र का आयोजन, प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करना, योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना तथा डेटा पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टरश्री आईएल ठाकुर, आरपी चौहान, सर्व एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, सीएमओ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।


अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

जिले में शासन की प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु कलेक्टर डॉ रवि मित्तल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्य सचिव व मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सदस्य सह सचिव बनाया गया है। इसी प्रकार गठित समिति में सदस्य के रूप में पुलिस अधीक्षक व वन मण्डलाधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप संचालक कृषि , उप संचालक समाज कल्याण, जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि , प्रबंधक अग्रणी बैंक, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी , सहायक संचालक उद्यान, जिला परिवहन अधिकारी , सहायक संचालक कौशल विकास , जिला खाद्य अधिकारी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं , नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक , जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम विपणन, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी , सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जशपुर, ई– डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग, सहायक संचालक जन संपर्क विभाग , खेल अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण , जिला शिक्षा अधिकारी,कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल , पत्थलगांव, कार्यपालन अभियंता ई छग ग्रा स वि अ , वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डुमरबहार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र , नोडल प्राचार्य, महाविद्यालय जशपुर शामिल है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा

भारत सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय के कन्ट्रोल रुम का नोडल अधिकारी गठन किया गया है। जिले हेतु श्रम पदाधिकारी जशपुर को नोडल अधिकारी और महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र जशपुर, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी शाखा जशपुर, सहायक संचालक कौशल विकास जशपुर, समन्वयक रेडक्रॉस सोसायटी जशपुर को सहयोगी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार तकनीकि सहयोगी दल का भी गठन किया गया है। जिसमें जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जशपुर, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जशपुर शामिल है। नोडल अधिकारी एवं तकनीकि सहयोगी दल विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करेंगे।


जय माता दी
जय महाकाल
जय श्री राम
जय श्री श्याम
सहज, सरल, सौम्य छवि के
जन नायक हमारे प्रेरणा स्त्रोत
मा. विष्णु देव साय जी
को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
एवं
मा. अरुण साव जी
को उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
अरुण साव
उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
अमर अग्रवाल
विधायक बिलासपुर
धरमलाल कौशिक
विधायक बिल्हा
धर्मजीत सिंह
विधायक तखतपुर
सुशांत शुक्ला
विधायक बेलतरा
कमल सोनी
अध्यक्ष
अजय सराफ
सचिव
राजेश शाह
कोषाध्यक्ष
मनीष अग्रवाल
भाजपा नेता
शुभेच्छु: समस्त संरक्षकगण, पदाधिकारीगण एवं समस्त सदस्य
बिलासपुर सराफा एसोसिएशन

**खबर संक्षेप**

## नगरीय निकायों में चला स्वच्छता अभियान

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के आह्वान पर जिले के नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगरपालिका सारंगढ़, नगर पंचायत सरिया, बरमकेला, बिलाईगढ़, भटगांव में बुधवार को सुबह साफ सफाई किया गया। सरिया के बस स्टैंड परिसर में बरमकेला और बिलाईगढ़ के मुख्य मार्गों में स्वच्छता अभियान से जनमानस द्वारा जिला प्रशासन के कार्यों की तारीफ हुई। सारंगढ़ के तुर्की तालाब परिसर का साफ सफाई नगरपालिका सारंगढ़ के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान में एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, तहसीलदार सारंगढ़ नेत्रप्रभा सिदार, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव एवं नगरपालिका के सफाई दल के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## पीएम फसल बीमा योजना के लिए आवेदन 31 तक


**रायगढ़।** उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में रबी 2023-24 हेतु किसानो के फसल बीमा के लिए छग शासन द्वारा भारतीय कृषि बीमा कंपनी से अनुबंध किया गया है, शासन से जारी अधिसूचना के आधार पर जिले के 5 विकास खंड यथा खरसिया, पुसौर, धरमजयगढ़, घरघोड़ा एवं लैलूंगा के विभिन्न ग्रामों को फसल बीमा रबी 2023-24 के लिए राजस्व निरीक्षक एवं ग्राम स्तर पर अधिसूचित किया गया है जिसके तहत सिंचित गेहूं एवं सरसों फसल का बीमा हेतु अऋणी कृषकों से बीमा प्रस्ताव का आवेदन बैंक वित्तीय संस्थानों लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है एवं ऋणी कृषकों का बीमा प्रस्ताव आवेदन संबंधित ऋण प्रदायक बैंक के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है इस हेतु कृषकों से 31 दिसम्बर तक ही आवेदन प्रस्ताव स्वीकार किए जाएंगे। उक्त विकास खंड के ऋणी एवं अऋणी कृषकों से आग्रह किया जाता है की अधिक से अधिक संख्या में बीमा प्रस्ताव जमा कर योजना का लाभ लेते हुए फसलों में होने वाले जोखिम से मुक्त रहें, बीमांकित राशि रुपये 35 हजार प्रति हेक्टेयर जिसमे किसानों को प्रीमियम मात्र 1.50 प्रतिशत अर्थात 525 रुपये प्रति हेक्टेयर देना होगा एवं राई सरसों फसल के लिए 21000 रुपये प्रति हेक्टेयर जिसमे किसानों को प्रीमियम मात्र 1.50 प्रतिशत अर्थात 315 रुपए प्रति हेक्टेयर देना होगा।

## 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील घरघोड़ा के ढोरम निवासी जयराम राठिया की 9 जनवरी को प्राकृतिक आपदा के तहत तालाब के पानी में डूबने से असामायिक मृत्यु होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा के प्रकरण का परीक्षण पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के यथा संशोधित प्रावधान के तहत मृतक की पत्नी कुमारी राठिया को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## मनोरोगी महिला ने बढ़ाई ग्रामीणों की चिंता

**कोडासियां।** कोडासिया गांव में कुछ दिनों से एक अज्ञात महिला आ कर रह रही है। ग्रामीणों का कहना है की ये महिला पिछले 7-8 दिनों से रह रही है तथा पूछने पर अपने बारे मे कुछ बता नहीं पा रही है। ग्रामीणों का मानना है की महिला मानसिक रूप से विछिप्त लगती है। ग्रामीणों के अनुसार ये महिला रात को भी गांव मे घरों के पर्छी में सो जाती है। यह महिला इतनी ठंड में भी बाहर ही रात गुजारती है।



### आईडी लॉक, काम भी प्रभावित, कोर्ट पहुंचा मामला

# केन्द्र से फंड अटका, 6 माह तक सोशल ऑडिट के कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केन्द्र से फंड अटकने की वजह से सोशल ऑडिट शाखा के कर्मचारी बीते करीब 6 माह से नो वर्क नो पे पर थे। इसकी मुख्य वजह केन्द्र से फँड का नहीं आना बताया जा रहा है। ऐसे मे सोशल आडिट के कर्मचारियों ने राजधानी में पदस्थ उच्चाधिकारियों सहित न्यायालय तक का दरवाजा भी खटखटाया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार केन्द्र से फंड आबंटित नहीं होने के कारण सोशल आडिट शाखा में कर्मचारियों को तो आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ा। बल्कि इसकी वजह से सोशल आडिट की प्रक्रिया पर भी ब्रेक लग गया। आलम यह था कि यूजर आईडी लॉक होने की वजह से काम भी प्रभावित हुआ। इसकी वजह से तीन माह तक कोई कार्य नहीं हो सका। यूजर आईडी लॉक होने के कारण जिले सहित राज्य भर में इसका प्रभाव देखने को मिला। इस बात को लेकर सामाजिक अंकेक्षण शाखा के कर्मचारी व अधिकारियों ने रायपुर पहुंच कर उच्चाधिकारियों से भी इसका समाधान निकालने की मांग की। वहीं इस मामले को न्यायालय की दहलीज तक भी लाया गया।




### आईडी अनलॉक होने का इंतजार

अब स्थिति यह है कि जब तक यूजर आईडी अनलॉक नहीं होगी, तब तक कोई कार्य नहीं हो पाएगा। ऐसी स्थिति में यूजर आईडी के अनलॉक होने का इंतजार किया जा रहा है। इस समस्या के बार रिकव्हरी में भी परेशानियां हो रही हैं।

### कर्मचारियों को हुई आर्थिक परेशानी

6 माह तक बिना वेतन के कर्मचारी व अधिकारियों को आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई कर्मचारी ब्लॉक स्तर पर किराए का मकान लेकर रहते हैं, जिन्हें किराया, राशन सहित अन्य जरूरत को पूरा करने में दिक्कत हुआ।

# महापौर से चूके अब सभापति की कुर्सी पर भाजपा पार्षदों की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही नगर निगम की सियासत में एक बार फिर घमासान मचने के संकेत मिल रहे हैं। कुछ माह पहले महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश में मुंह की खाने के बाद अब बीजेपी पार्षद सधी रणनीति से निगम सभापति की कुर्सी हथियाने की तैयारी कर रहे हैं। चूंकि अभी निगम के चुनाव में साल भर का वक्त है। ऐसे में भाजपा पार्षद निगम में बडा उलटफेर कर सभाध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचने की जुगत लगा रहे हैं।

गौरतलब है कि शहर में वर्तमान मे कांग्रेस की सरकार है लेकिन आपसी खींचतान की वजह से नगर शासन की न केवल अब तक फजीहत होती आई है बल्कि इससे शहर का विकास भी बाधित हुआ है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि नगर सरकार के करीब 4 साल के कार्यकाल का ज्यादातर समय महापौर की कुर्सी व एमआईसी को साधने में ही गुजरा है जबकि शहर सरकार की इस नूराकुश्ती में आम जनता कभी आवारा मवेशियों और पागल कुत्तों शिकार बनी तो कभी डेंगू जैसी महामारी का त्रास झेलना पडा। वहीं विपक्षी दल भाजपा ने भी नगर में पानी की किल्लत और गौठानों में गौवेशों की असमय मौत को लेकर कई बार प्रदर्शन किया। तमाम गतिविधियों में शहर सरकार की नाकामी जनता के बीच बडा मुददा बनी। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले संख्या बल में कम होने के बावजूद बीजेपी पार्षदों ने नगर सरकार का तख्ता पलट करने की योजना बनाई लेकिन इसमें सफलता मिलने के बजाय बीजेपी खेमे और पार्षदों की फजीहत हुई। दसके बाद दोनो दल विधानसभा चुनाव में जुट गये। संयोग से इस चुनाव में ना केवल रायगढ विधानसभा में भाजपा की अप्रत्याशित बढत के साथ जीत हुई बल्कि प्रदेश में बीजेपी ने सरकार में वापसी की। विजय से उत्साहित भाजपा पार्षद अब एक बार फिर नगर निगम की शासन व्यवस्था में फेरबदल की गुंजाईश तलाशने में जुट गये हैं। नियमतः मेयर के विरुद्ध एक बार अविश्वास प्रस्ताव गिर जाने के बाद अगले 6 माह तक दोबारा महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता! इसलिए अब भाजपा पार्षदों ने सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है।



# रेलवे स्टेशन में बताने को स्मार्ट मीटर मगर बिल पटाने करनी पड़ती है मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, किंतु यह मीटर कहने के लिए ही स्मार्ट हैं। दरअसल इस मीटर के लगाए जाने के बाद बिजली बिल पटाने के लिए स्टॉल संचालकों को बिलासपुर जाना पड़ता है, जहां से उन्हें एक रसीद मिलती है, इस रसीद के जरिए मोबाइल में रकम ट्रांसफर कर वापस आकर रिचार्ज करना पड़ता है। तब जाकर बिजली बिल का भुगतान होता है। इस संबंध में स्टॉल संचालकों ने बताया कि पहले जो मीटर लगाए गए थे, उसका बिल भुगतान करना काफी आसान था। किंतु जब से इस स्मार्ट मीटर को लगाया गया है, तब उसे उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। स्टॉल संचालकों ने बताया कि इसका भुगतान वे मोबाइल से तो करते हैं, किंतु इसके लिए उन्हें एक लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और यह तमाम प्रक्रियाएं बिलासपुर में पूरी होती हैं। बिजली बिल का भुगतान करने के लिए स्टॉल संचालन को बिलासपुर जोनल कार्यालय में स्थित विद्युत विभाग में जाकर एक फार्म भरना पड़ता है। इस फार्म के जरिए एक रसीद दी जाती है, जितने का रिचार्ज मीटर में करना है। जिसके बाद इस रसीद के जरिए रिचार्ज की राशि मोबाइल में ट्रांसफर किया जाता है। रिचार्ज की राशि मोबाइल में ट्रांसफर होने के बाद वापस रायगढ़ आकर गो मीटर के आप्शन में जाकर रिचार्ज किया जाता है।



### समय की होती है बर्बादी

इस बारे में स्टॉल संचालकों की मानें उन्हें इस पूरी प्रक्रिया से गुजरने में पूरा दिन निकल जाता है। वे सुबह की ट्रेन से बिलासपुर जाते हैं, जहां विद्युत विभाग में इन तमाम प्रक्रियाओं को करते करते शाम हो जाती है। क्योंकि इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय लगता है। ऐसे में उनके समय की बर्बादी होती है।

### नहीं है दूसरा विकल्प

जानकारी के अनुसार बिलासपुर जाकर इस तमाम प्रक्रियाओं को करने के बाद ही वे मोबाइल से मीटर रिचार्ज कर पाते हैं। वहीं मोबाइल में पैसे ट्रांसफर होने के बाद भी स्टॉल संचालक बिलासपुर में रहते हुए भी मीटर का रिचार्ज नहीं कर सकते, उसके लिए उन्हें मीटर के पास आकर एप में गो मीटर के विकल्प को चुन कर रिचार्ज करना पड़ता है।

## उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा की अवधि 31 तक

**रायगढ़।** उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे कृषको को सूचित किया जाता है कि रबी फसल हेतु टमाटर बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू के लिए 2023-24 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना शासन की अधिसूचना के साथ छत्तीसगढ़ में लागू हो गई है। अतः रायगढ़ जिले के इच्छुक ऋणी/अऋणी कृषक 31 दिसम्बर तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करवा सकते है। इस हेतु बीमा कंपनी के राज्य स्तरीय कपिल विश्वकर्मा मोबाईल नंबर 7906655061 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि संजीव कुमार साहू मोबाइल नंबर 7489601443 से संपर्क कर सकते है। सहायक संचालक उद्यान ने बीमा योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी है।

# वाहन चालक ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एमएस कंपनी के चालक ने संदिग्ध परिस्थितियों में आम पेड़ में फांसी लगा जान दे दी। मृतक के कपड़े में मिले मोबाइल नंबर से उसकी पहचान हुई। यह घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र की है।

मामले की विवेचना कर रहे प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी ने बताया कि लैलूंगा से 15 किलोमीटर दूर ग्राम कंझारी में सोमवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब बाजारडांड़ स्थित पेड़ में बंधे गमछे के फंदे पर 40 साल के एक युवक की संदिग्ध हालत में लाश लटकती मिली। भीड़ लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने मातहत स्टाफ को घटना स्थल भेजा। वर्दीधारियों ने फांसी पर झूलते शव को नीचे उतारते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ भी कीए मगर उसकी शिनाख्त नहीं हुई। यही नहीं पुलिस ने मृतक के पास बरामद बैग को खोलकर देखा तो उसमें दो जोड़ी कपड़े निकले। ऐसे में नजदीकी लैलूंगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने वाली पुलिस ने मृतक के पहने कपड़े की तलाशी ली तो उसमें एक मोबाइल नंबर मिला। वर्दीधारियों ने उस नंबर पर कॉल किया तो मृतक की पहचान बलौदाबाजार जिले के रवान निवासी जगमोहन ध्रुव के रूप में हुई जो रायगढ़ के ओड़िशा रोड के एमएस कंपनी में गाड़ी चलाने का काम करता था। बहरहाल जगमोहन ने किन कारणों से लैलूंगा जाकर आत्महत्या की। इसके खुलासा के लिए मर्ग कायम करने वाली पुलिस ने शोकाकुल ध्रुव परिवार को बलौदाबाजार से लैलूंगा बुलाया है।

## हिन्दी व छत्तीसगढ़ी साहित्य छात्र परिषद का सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रायगढ़।** खरसिया महाविद्यालय मे भाषा साहित्य परिषद के छात्रों ने 11 दिसम्बर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिन्दी व छत्तीसगढ़ी साहित्य को लेकर भव्य मंचंन किया।

आयोजन की शुरूआत हिन्दी भाषा परिषद के पदाधिकारी छात्र रोहित चन्द्रा, कविता चन्द्रा, अमनराज, छत्तीसगढ़ी भाषा परिषद के छात्र पदाधिकारी लीलाधर राठिया, राजेश्वरी, बुबुन घृतलहरे, देवलता साहू ने संगीत की देवी मां शारदे की पूजा से की। हिन्दी परिषद की सदस्य छात्रा सुनिता मिरी ने राज्य गीत की प्रस्तुति दी।

मंचासीन प्राध्यापक डॉ. आरके टण्डन, डीके संजय, कुसुम चौहान के स्वागत उपरान्त पूरी सादगी व भव्यता के साथ गीत व नृत्य कला की सांस्कृतिक छटा देखने को मिली।

## आंबा में रिक्त पदों के लिए 3 जनवरी तक आवेदन

**रायगढ़।** बाल विकास परियोजना मुकडेगा अंतर्गत आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 3 जनवरी तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि तक सीधे पंजीकृत डाक से परियोजना कार्यालय बाल विकास परियोजना मुकडेगा में आवेदन कर सकते है। सहायिका पद के लिए आवेदिका की 18 से 44 वर्ष निर्धारित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए न्यूनतम योग्यता 12 वीं तथा सहायिका पद के लिए 8 वीं शासन द्वारा निर्धारित है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना मुकडेगा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में परियोजना मुकडेगा से 11 पद सहायिका के बंधनपारा होर्रोगुडा, सिदारपारा, बनपारा किलकिला, रूनियाखार कोंडकेल, सतनामी पारा कटकलिया, डीपापारा पोर्टेबिरनी के लिए आवेदन मंगाए गए है।

# रेस्क्यू ऑपरेशन : तालाब में डूबे युवक का 40 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा स्थित घुन्नी तालाब में नहाने गया युवक का शव 40 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया है। पिछले दो दिनों से लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा था। जिसके चलते आज सफलता मिली।

इस संबंध में पुलिस से जानकारी के मुताबिक बलौदा के वार्ड नंबर- 5 निवासी आनंद तंबोली उम्र 22 वष रहता था। वो रविवार दोपहर को घर के ही बच्चे के साथ नहाने के लिए पास के ही घुन्नी तालाब में गया था। यहां गहराई का अंदाजा नहीं होने के चलते आनंद पानी में डूब गया। बच्चे ने देखा कि काफी देर तक युवक पानी से बाहर नहीं निकला, तो घर में जाकर इस बात की खबर दी। परिजन तुरंत अन्य लोगों के साथ तालाब के पास पहुंचे और पुलिस को भी घटना की सूचना दी। पुलिस युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही थी। सोमवार को जांजगीर से होमगार्ड की टीम को भी बुलाया गया, इसके बाद भी युवक का कुछ पता नहीं चल सका। मंगलवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बिलासपुर से एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। डूबे हुए युवक को बाहर निकालने के लिए स्कूबा डाइविंग का भी इस्तेमाल किया जा रहा था। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे करीब 40 घंटे की मशक्कत के बाद मृत युवक का शव तालाब से निकाला गया। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। तालाब के पास रखे युवक के कपड़े को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।



## मालवाहक से जब्त किए गए 21 नग मवेशी

**रायगढ़।** 12 दिसंबर को चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ससकोबा जंगल में कुछ लोग लाल रंग के आईचर गाड़ी में कृषक मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भर बगैर दाना पानी क्रूरता पूर्वक झारखंड बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। मुखबिर सूचना की तस्दीकी और कार्रवाई के लिए चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ ससकोबा जंगल जाकर तस्करों की घेराबंदी किया गया। जहां पुलिस की घेराबंदी को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर भाग गए। आईचर वाहन 01 ईडब्लू 7855 में तिरपाल से ढक कर रखी हुई 21 नग कृषक मवेशियों को रैरूमाखुर्द पुलिस द्वारा मुक्त कराकर उनके चारा पानी की व्यवस्था किया गया।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कृषि विभाग रायगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2023-24 के बेहतर एवं सुगमतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रचार एवं प्रसार के लिए बीमा क्रियान्वयन कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड के माध्यम से बीमा रथ का संचालन किया गया है जिसका उद्घाटन मंगलवार को कार्यालय कलेक्टर परिसर रायगढ़ में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने हरी झंडी दिखा कर किया।

बीमा रथ 31 दिसम्बर तक ग्रामों में किसानों के मध्य जाकर इस योजना का प्रचार.प्रसार किया जाएगा। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जिले के किसानों के फसल बीमा के लिए शासन द्वारा भारतीय कृषि बीमा कंपनी से अनुबंध किया गया है। रायगढ़ जिले में रबी 2023-24 हेतु छग शासन से जारी अधिसूचना के आधार पर कुल 02 विकास खंड यथा खरसिया एवं पुसौर में क्रमशः 03 एवं 19 ग्रामों को फसल बीमा रबी 2023-24 के लिए ग्राम स्तर अधिसूचित किया गया है जिसके तहत सिंचित गेहूं फसल का बीमा हेतु अऋणी कृषकों से बीमा प्रस्ताव का आवेदन बैंक वित्तीय संस्थानों लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है एवं ऋणी कृषकों का बीमा प्रस्ताव आवेदन संबंधित ऋणप्रदायक बैंक के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है इस हेतु कृषकों से दिनांक 31 दिसम्बर तक ही प्रस्ताव स्वीकार किए जाएंगे।

अतः खरसिया विकास खंड के ग्राम बडेजामपाली, नवापारा पूर्व एवं ठुसेकेला तथा पुसौर विकास खंड के ठेंगागुडी, बुनगा, चंघोरी, सिंगपुरी, तेलीपाली, लिंजिर, सुरीं, जकेला, बुलाकी, नवापारा ब, डूमरपाली, मौहापाली, देवलसुरा, धानातरई, सुकुल भठली, झारमुडा, नवापारा अ गोतमा एवं छोटे हल्दी के ऋणी एवं अऋणी कृषकों से आग्रह किया जाता है की अधिक से अधिक संख्या में बीमा प्रस्ताव जमा कर योजना का लाभ लेवें। योजनान्तर्गत सिंचित गेहूं फसल के लिए बीमांकित राशि रुपए 35 हजार प्रति हेक्टेयर जिसमे किसानो को प्रीमियम मात्र 1.50 प्रतिशत अर्थात 525 रुपये प्रति हेक्टेयर देना होगा एवं राई सरसों फसल के लिए 21 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर जिसमे किसानों को प्रीमियम मात्र 1.50 प्रतिशत अर्थात 315 रुपए प्रति हेक्टेयर देना होगा। राई सरसों फसल राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर अधिसूचित है। रथ रवाना करने के दौरान उद्यान और कृषि विभाग के उप संचालक समेत तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## एनटीपीसी लारा ने मनाया संयंत्र का 11 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा परियोजना में 11वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसरपर कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक एवं सभी महाप्रबंधकगण, यूनियन एवं असोशिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिती में केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। कर्मचारियों को सम्बोधन करते हुए श्री कौशिक ने कहा एनटीपीसी लारा आधुनिक तकनीक पर आधारित विद्युत परियोजना हैए अतः यह प्लांट उच्च दक्षता पर कार्य करता है और देश की विकास के लिए सबसे जरूरी बिजली किफ़ायती दरों पर प्रदान करता है। इस वित्त वर्ष में आजतक एनटीपीसी लारा द्वारा 81.75 प्रतिशत पर 8005 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया गया है। लारा का प्लांट दक्षता के आधार पर एनटीपीसी का तीसरे सबसे अच्छे दक्षतापूर्ण प्लांट है और दूसरे सब क्रिटिकल एवं सुपर क्रिटिकल प्लांट के मुक़ाबले 40.6 प्रतिशत ज्यादा है जो की पर्यावरण हितैषी है।







